# मॉडल पेपर – 3

## खण्ड-अ : वस्तुनिष्ठ प्रश्न

इतिहास, भूगोल, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र एवं आपदा प्रबंधन

निर्देश : प्रश्न संख्या 1 से 80 तक के प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से एक सही है। किन्हीं 40 प्रश्नों का उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है। अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR शीट पर चिह्नित करें। $40 \times 1 = 40$

1. मेजिनी का संबंध किस संगठन से था ?
(a) लाल सेना (b) कार्बोनरी (c) फिलिक हेटारिया (d) डायट

2. रूस में जार का अर्थ क्या होता है ?
(a) पीने का बर्तन (b) पानी रखने का मिट्टी का पात्र
(c) रूस का सामंत (d) रूस का सम्राट

3. होआ-होआ आंदोलन किस प्रकृति का था ?
(a) क्रांतिकारी आंदोलन (b) धार्मिक आंदोलन
(c) साम्राज्यवादी समर्थक आंदोलन
(d) बुद्धिजीवी आंदोलन

4. भारत में खिलाफ आंदोलन शुरू हुआ :
(a) 1920 में (b) 1922 में (c) 1924 में (d) 1926 में

5. 1917 ई० में भारत में पहला जूट मिल किस शहर में स्थापित हुआ ?
(a) कोलकाता (b) दिल्ली (c) मुम्बई (d) पटना

6. पूँजीपति वर्ग के द्वारा किस वर्ग का शोषण हुआ ?
(a) श्रमिक वर्ग (b) माध्यम वर्ग
(c) कृषक वर्ग (d) उपरोक्त सभी

7. प्राचीन काल में किस स्थल मार्ग में एशिया और यूरोप का व्यापार होता था ?
(a) सूती मार्ग (b) रेशम मार्ग
(c) उत्तर पथ (d) दक्षिण पथ

8. गुटेनबर्ग ने सर्वप्रथम किस पुस्तक की छपाई की ?
(a) कुरान (b) गीता
(c) हदीस (d) बाइबल

9. 'राष्ट्रपति' के नाम से किसे जाना जाता है ?
(a) राजा राममोहन रॉय (b) महात्मा गाँधी
(c) दादा भाई नौरोजी (d) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

10. कौन-सा सामाजिक वर्ग बुद्धिजीवी वर्ग के रूप में उभर कर आया ?
(a) उद्योगपति वर्ग (b) पूँजीपति वर्ग
(c) श्रमिक वर्ग (d) मध्य वर्ग

11. जब हम लैंगिक विभाजन की बात करते हैं तो हमारा अभिप्राय होता है–
(a) स्त्री और पुरुष के बीच जैविक अंतर
(b) समाज द्वारा स्त्रियों और पुरुषों को दी गई असमान भूमिकाएँ
(c) बालक और बालिकाओं की संख्या का अनुपात
(d) लोकतांत्रिक व्यवस्था में महिलाओं को मतदान का अधिकार न मिलना

12. निम्नलिखित में कौन संघ राज्य की विशेषता नहीं है ?
(a) लिखित संविधान (b) शक्तियों का विभाजन
(c) इकहरी शासन व्यवस्था (d) सर्वोच्च न्यायालय

13. बिहार में संपूर्ण क्रांति का नेतृत्व किसने किया ?
(a) मोरारजी देसाई (b) नीतीश कुमार
(c) इंदिरा गाँधी (d) जयप्रकाश नारायण

14. इनमें से कौन-सी एक बात लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के अनुरूप नहीं है ?
(a) कानून के समक्ष समानता (b) स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव
(c) उत्तरदायी शासन व्यवस्था (d) बहुसंख्यकों का शासन

15. "भारत एक लोकतांत्रिक राज्य है", निम्नलिखित में से किसमें यह घोषणा की गई है ?
(a) प्रस्तावना (b) पाठ
(c) कानूनी पुस्तक (d) नागरिक शास्त्र

16. किस लोकसभा चुनाव के बाद महिलाओं की भागीदारी दस प्रतिशत से अधिक हो गई है ?
(a) 16 वीं लोकसभा (b) 15 वीं लोकसभा
(c) 17 वीं लोकसभा (d) 20 वीं लोकसभा

17. निम्नलिखित में से कौन राष्ट्रीय दल हैं ?
(a) जनता दल (यू) (b) डी० एम० के०
(c) लोक जन शक्ति पार्टी (d) भारतीय जनता पार्टी

18. "लोकतंत्र का प्राण" किसे कहा गया है ?
(a) राजनीति दल (b) सामाजिक दल
(c) मानवीय दल (d) नागरिक दल

19. भारत में संघ एवं राज्यों के बीच अधिकारों का विभाजन कितनी सूचियों में हुआ है ?
(a) तीन (b) दो (c) एक (d) चार

20. निम्नलिखित में कौन लोकतंत्र में रंगभेद के विरोधी नहीं थे ?
(a) मार्टिन लूथर किंग (b) महात्मा गाँधी
(c) ओलंपिक धावक टोनी स्मिथ एवं जॉन कोलेंस
(d) जेड गुडी

21. सासाराम नगर का विकास हुआ था–
(a) मध्य युग में (b) प्राचीन युग में
(c) वर्त्तमान युग में (d) आधुनिक समय में

22. अविभाजित बिहार में निम्नलिखित में कौन एक मात्र नियोजित नगर था ?
(a) पटना (b) मुंगेर (c) जमशेदपूर (d) गया

23. पटना हवाई अड्डा का क्या नाम है ?
(a) जय प्रकाश अंतर्राष्ट्रीय हवाई पत्तन
(b) पटना हवाई अड्डा
(c) राजेन्द्र प्रसाद अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा
(d) बिहार हवाई अड्डा

24. बिहार में रज्जू मार्ग कहाँ है ?
(a) बिहार शरीफ (b) राजगीर
(c) गया (d) बांका

25. बिहार में खनिज तेल मिलने की संभावना है :
(a) हिमालय क्षेत्र में (b) उत्तर बिहार मैदान में
(c) दक्षिण बिहार मैदान में (d) दक्षिण बिहार की पहाड़ियों में

26. कॉवर झील स्थित है–
(a) दरभंगा जिला में (b) भागलपुर जिला में
(c) बेगूसराय जिला में (d) मुजफ्फरपुर जिला में

27. संजय गाँधी जैविक उद्यान किस नगर में स्थित है ?
(a) राजगीर (b) बोधगया
(c) बिहार शरीफ (d) पटना

**28. निम्नलिखित में कौन सड़कों का एक वर्ग नहीं है ?**
(a) पूर्व-पश्चिम गलियारा (b) एकस्प्रेस वे
(c) स्वर्णिम चतुर्भुज राजमार्ग (d) सीमान्त सड़कें

**29. जिस देश का राष्ट्रीय आय अधिक होता है वह देश कहलाता है।**
(a) अविकसित (b) विकसित
(c) अर्द्ध-विकसित (d) इनमें से कोई नहीं

**30. भारत के किस राज्य की प्रति व्यक्ति आय सर्वाधिक है ?**
(a) बिहार (b) पंजाब (c) हरियाणा (d) गोवा

**31. निम्नलिखित में कौन मुद्रा का कार्य नहीं है ?**
(a) विनिमय का माध्यम (b) मूल्य का मापक
(c) मूल्य संचय (d) उत्पादन

**32. भारत का केन्द्रीय बैंक कौन है ?**
(a) रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया (b) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक
(c) स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया (d) पंजाब नेशनल बैंक

**33. ऊर्जा का मुख्य स्रोत क्या है ?**
(a) कोयला (b) पेट्रोलियम
(c) विद्युत (d) इनमें से कोई नहीं

**34. पारले समूह के 'थम्स अप' ब्रांड को किस बहुराष्ट्रीय कंपनी ने खरीदा लिया ?**
(a) कोका कोला (b) एल जी०
(c) रिबॉक (d) नोकिया

**35. निम्नलिखित में किसे बाढ़ से सबसे अधिक हानि होती है।**
(a) फसल को (b) पशुओं को
(c) भवनों को (d) उपरोक्त सभी को

**36. सामान्य संचार व्यवस्था के बाधित होने का मुख्य कारण है।**
(a) केबुल का टूट जाना (b) संचार टावरों का दूरी
(c) टावरों की ऊँचाई में कमी (d) इनमें कोई नहीं

**37. आग से जलने की स्थिति में किस प्राथमिक उपचार की आवश्यकता है ?**
(a) ठण्डा पानी डालना चाहिए (b) गर्म पानी डालना चाहिए
(c) अस्पताल पहुँचाना (d) इनमें से कोई नहीं

**38. भूकम्प केन्द्र के उर्ध्वाधर पृथ्वी पर स्थित केन्द्र को कहा जाता है–**
(a) भूकम्प केन्द्र (b) अधि केन्द्र
(c) अनु केन्द्र (d) इनमें से कोई नहीं

**39. बिहार का कौन-सा क्षेत्र बाढ़ से प्रभावित है ?**
(a) पूर्वी बिहार (b) दक्षिणी बिहार
(c) पश्चिमी बिहार (d) उत्तरी बिहार

**40. निम्नलिखित में कौन मानव जनित आपदा है ?**
(a) साम्प्रदायिक दंगे (b) आतंकवाद
(c) महामारी (d) उपर्युक्त सभी

**41. भारत में वित्तीय वर्ष होता है–**
(a) 1 जनवरी से 31 दिसंबर तक (b) 1 जुलाई से 30 जून तक
(c) 1 अप्रैल से 31 मार्च तक (d) इनमें से कोई नहीं

**42. बृहद क्षेत्र में जल की उपस्थिति के कारण ही पृथ्वी को कहते हैं ?**
(a) उजला ग्रह (b) नीला ग्रह (c) लाल ग्रह (d) हरा ग्रह

**43. 'सूचना का अधिकार अनिधिगम' कानून कब लागू हुआ ?**
(a) 2004 (b) 2005 (c) 2006 (d) 2007

**44. वर्तमान में नेपाल की शासन-प्रणाली क्या है ?**
(a) लोकतंत्र (b) राजतंत्र (c) सैनिकतंत्र (d) कोई नहीं

**45. राजनीतिक दलों की मान्यता और उसका चिन्ह किसके द्वारा प्रदान किया जाता है ?**
(a) राष्ट्रपति (b) प्रधानमंत्री
(c) निर्वाचन आयोग (d) इनमें से कोई नहीं

**46. भारतीय संविधान के अनुच्छेद-19 में देश के सभी नागरिकों को कौन-सा मूल अधिकार दिया गया है ?**
(a) स्वतंत्रता का अधिकार (b) समानता का अधिकार
(c) संवैधानिक उपचार का अधिकार
(d) इनमें से कोई नहीं

**47. टीपू सुल्तान शासक थे–**
(a) मैसूर (b) शिमला (c) कश्मीर (d) कोई नहीं

**48. जलियाँवाला बाग हत्याकांड कब हुआ ?**
(a) 13 अप्रैल, 1919 (b) 14 अप्रैल, 1919
(c) 15 अप्रैल, 1919 (d) 16 अप्रैल, 1919

**49. भारत में कोयले का सर्वप्रमुख उत्पादक राज्य है**
(a) पश्चिम बंगाल (b) झारखण्ड
(c) ओडिशा (d) छत्तीसगढ़

**50. भारत का प्रथम लौह-इस्पात उत्पादक उद्योग हैं**
(a) भारतीय लौह और इस्पात कंपनी (IISCO)
(b) टाटा लौह और इस्पात कंपनी (TISCO)
(c) बोकारो स्टील सिटी
(d) विश्वेश्वरैया लौह और इस्पात प्लान्ट

**51. स्वर्णिम चतुर्भुज सम्बन्धित है**
(a) रेलवे से (b) सड़क मार्ग से
(c) जल मार्ग से (d) वायु मार्ग से

**52. गण्डक परियोजना है**
(a) बेतिया में (b) वाल्मीकिनगर में
(c) मोतिहारी में (d) छपरा में

**53. द्वितीय महायुद्ध के बाद यूरोप में कौन-सी संस्था का उदय आर्थिक दुष्प्रभावों को समाप्त करने के लिए हुआ ?**
(a) सार्क (b) नाटो (c) ओपेक (d) यूरोपीय संघ

**54. किसने कहा, मुद्रण ईश्वर की दी हुई महातनम देन है, सबसे बड़ा तोहफा ?**
(a) महात्मा गाँधी (b) मार्टिन लूथर
(c) मुहम्मद पैगम्बर (d) ईसा मसीह

**55. भारत में मतदाता होने की न्यूनतम आयु क्या है ?**
(a) 16 वर्ष (b) 17 वर्ष (c) 18 वर्ष (d) 19 वर्ष

**56. भारत में किस प्रकार की शासन प्रणाली है ?**
(a) संघीय और अध्यक्षीय (b) संघीय और संसदीय
(c) एकात्मक और अध्यक्षीय (d) एकात्मक और संघीय

**57. संघ राज्य की विशेषता नहीं है**
(a) लिखित संविधान (b) शक्तियों का विभाजन
(c) इकहरी शासन व्यवस्था (d) सर्वोच्च न्यायपालिका

**58. संघ सरकार का उदाहरण है**
(a) अमेरिका (b) चीन
(c) ब्रिटेन (d) इनमें से कोई नहीं

**59. बिहार में संपूर्ण क्रांति का नेतृत्व निम्नलिखित में से किसने किया ?**
(a) मोरारजी देशाई (b) नीतीश कुमार
(c) इंदिरा गाँधी (d) जयप्रकाश नारायण

60. लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं ने निम्नांकित किन मुद्दे पर सफलता पाई है ?
(a) राजनीतिक असमानता को समाप्त कर दिया है
(b) लोगों के बीच टकरावों को समाप्त कर दिया है
(c) बहुमत समूह और अल्प समूह के साथ एक जैसा व्यवहार करता है
(d) समाज की आखिरी पंक्ति में खड़े लोगों के बीच आर्थिक पैमाना कम कर दिया है

61. काउंट कावूर को विक्टर इमैनुएल ने किस पद पर नियुक्त किया ?
(a) सेनापति (b) फ्रांस में राजदूत
(c) प्रधानमंत्री (d) गृहमंत्री

62. रक्त एवं लौह की नीति का अवलम्बन किसने किया था ?
(a) मेजिनी (b) हिटलर (c) बिस्मार्क (d) विलियम I

63. साम्यवादी शासन का पहला प्रयोग कहाँ हुआ था ?
(a) रूस (b) जापान (c) चीन (d) क्यूबा

64. बोल्शेविक क्रांति कब हुई ?
(a) फरवरी, 1917 (b) नवंबर, 1917
(c) अप्रैल, 1917 (d) सितम्बर, 1905

65. उपभोक्ता अधिकार दिवस कब मनाया जाता है ?
(a) 17 मार्च (b) 15 मार्च (c) 19 अप्रैल (d) 22 अप्रैल

66. वैश्वीकरण के मुख्य अंग कितने हैं ?
(a) एक (b) दो (c) पाँच (d) चार

67. कौन-सी सेवा गैर-सरकारी है ?
(a) सैन्य सेवा (b) वित्त सेवा (c) मॉल सेवा (d) रेल सेवा

68. भारत की वित्तीय राजधानी किस शहर को कहा गया है ?
(a) मुम्बई (b) दिल्ली (c) पटना (d) बंगलुरू

69. हिन्द-चीन पहुँचने वाले प्रथम व्यापारी कौन थे ?
(a) इंग्लैण्ड (b) फ्रांसीसी (c) पुर्तगाली (d) डच

70. सविनय अवज्ञा आंदोलन कब शुरू हुआ ?
(a) 1920 (b) 1930 (c) 1935 (d) 1942

71. राउरकेला लोहा-इस्पात उद्योग है
(a) ओडिशा में (b) झारखंड में
(c) मध्य प्रदेश में (d) पश्चिम बंगाल में

72. सामंती व्यवस्था से हटकर किस प्रकार की शहरी व्यवस्था की प्रवृत्ति बढ़ी ?
(a) प्रगतिशील प्रवृत्ति (b) आक्रामक प्रवृत्ति
(c) रूढ़िवादी प्रवृत्ति (d) शोषणकारी प्रवृत्ति

73. काँटी तापीय विद्युत परियोजना किस जिला में स्थापित है ?
(a) पूर्णिया (b) सीवान (c) मुजफ्फरपुर (d) पूर्वी चंपारण

74. रेल वर्कशाप कहाँ स्थित है ?
(a) जमालपुर (b) भागलपुर (c) मुंगेर (d) पटना

75. सुनामी का प्रमुख कारण क्या है ?
(a) समुद्र में भूकंप (b) मैदानी क्षेत्र में भूकंप
(c) पर्वत पर भूकंप (d) इनमें से कोई नहीं

76. सुखाड़ क्या है ?
(a) प्राकृतिक आपदा (b) मानव जनित आपदा
(c) सामान्य आपदा (d) इनमें से कोई नहीं

77. पंजाब में भूमि निम्नीकरण का मुख्य कारण है
(a) वनोन्मूलन (b) गहन खेती
(c) अति पशुचारण (d) अधिक सिंचाई

78. मानव शरीर में जल की मात्रा होती है
(a) 55% (b) 60% (c) 65% (d) 70%

79. निम्न जीवों में कौन केवल भारत में पाया जाता है ?
(a) मगरमच्छ (b) डॉल्फिन (c) ह्वेल (d) कछुआ

80. सीमेन्ट उद्योग का प्रमुख कच्चा माल है
(a) चूनापत्थर (b) बॉक्साइट (c) ग्रेनाइट (d) लोह अयस्क

## उत्तर (Answers)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ⓐ | ● | ⓒ | ⓓ | 2. | ⓐ | ⓑ | ⓒ | ● |
| 3. | ● | ⓑ | ⓒ | ⓓ | 4. | ● | ⓑ | ⓒ | ⓓ |
| 5. | ● | ⓑ | ⓒ | ⓓ | 6. | ⓐ | ⓑ | ⓒ | ● |
| 7. | ⓐ | ● | ⓒ | ⓓ | 8. | ⓐ | ⓑ | ⓒ | ● |
| 9. | ⓐ | ● | ⓒ | ⓓ | 10. | ⓐ | ⓑ | ⓒ | ● |
| 11. | ⓐ | ● | ⓒ | ⓓ | 12. | ⓐ | ⓑ | ⓒ | ● |
| 13. | ⓐ | ⓑ | ⓒ | ● | 14. | ● | ⓑ | ⓒ | ⓓ |
| 15. | ● | ⓑ | ⓒ | ⓓ | 16. | ⓐ | ● | ⓒ | ⓓ |
| 17. | ⓐ | ⓑ | ⓒ | ● | 18. | ● | ⓑ | ⓒ | ⓓ |
| 19. | ● | ⓑ | ⓒ | ⓓ | 20. | ⓐ | ⓑ | ⓒ | ● |
| 21. | ● | ⓑ | ⓒ | ⓓ | 22. | ⓐ | ⓑ | ● | ⓓ |
| 23. | ● | ⓑ | ⓒ | ⓓ | 24. | ⓐ | ● | ⓒ | ⓓ |
| 25. | ⓐ | ● | ⓒ | ⓓ | 26. | ⓐ | ⓑ | ● | ⓓ |
| 27. | ⓐ | ⓑ | ⓒ | ● | 28. | ⓐ | ⓑ | ⓒ | ● |
| 29. | ⓐ | ● | ⓒ | ⓓ | 30. | ⓐ | ⓑ | ⓒ | ● |
| 31. | ⓐ | ⓑ | ⓒ | ● | 32. | ● | ⓑ | ⓒ | ⓓ |
| 33. | ⓐ | ● | ⓒ | ⓓ | 34. | ● | ⓑ | ⓒ | ⓓ |
| 35. | ⓐ | ⓑ | ⓒ | ● | 36. | ● | ⓑ | ⓒ | ⓓ |
| 37. | ● | ⓑ | ⓒ | ⓓ | 38. | ⓐ | ● | ⓒ | ⓓ |
| 39. | ⓐ | ⓑ | ⓒ | ● | 40. | ● | ⓑ | ⓒ | ⓓ |
| 41. | ⓐ | ⓑ | ● | ⓓ | 42. | ⓐ | ● | ⓒ | ⓓ |
| 43. | ⓐ | ● | ⓒ | ⓓ | 44. | ● | ⓑ | ⓒ | ⓓ |
| 45. | ⓐ | ⓑ | ● | ⓓ | 46. | ⓐ | ● | ⓒ | ⓓ |
| 47. | ● | ⓑ | ⓒ | ⓓ | 48. | ● | ⓑ | ⓒ | ⓓ |
| 49. | ⓐ | ● | ⓒ | ⓓ | 50. | ⓐ | ● | ⓒ | ⓓ |
| 51. | ⓐ | ● | ⓒ | ⓓ | 52. | ⓐ | ● | ⓒ | ⓓ |
| 53. | ⓐ | ⓑ | ⓒ | ● | 54. | ⓐ | ● | ⓒ | ⓓ |
| 55. | ⓐ | ⓑ | ● | ⓓ | 56. | ⓐ | ● | ⓒ | ⓓ |
| 57. | ⓐ | ⓑ | ● | ⓓ | 58. | ● | ⓑ | ⓒ | ⓓ |
| 59. | ⓐ | ⓑ | ⓒ | ● | 60. | ● | ⓑ | ⓒ | ⓓ |
| 61. | ⓐ | ⓑ | ● | ⓓ | 62. | ⓐ | ⓑ | ● | ⓓ |
| 63. | ● | ⓑ | ⓒ | ⓓ | 64. | ⓐ | ● | ⓒ | ⓓ |
| 65. | ⓐ | ● | ⓒ | ⓓ | 66. | ⓐ | ⓑ | ⓒ | ● |
| 67. | ⓐ | ⓑ | ● | ⓓ | 68. | ● | ⓑ | ⓒ | ⓓ |
| 69. | ⓐ | ⓑ | ● | ⓓ | 70. | ⓐ | ● | ⓒ | ⓓ |
| 71. | ● | ⓑ | ⓒ | ⓓ | 72. | ● | ⓑ | ⓒ | ⓓ |
| 73. | ⓐ | ⓑ | ● | ⓓ | 74. | ● | ⓑ | ⓒ | ⓓ |
| 75. | ● | ⓑ | ⓒ | ⓓ | 76. | ● | ⓑ | ⓒ | ⓓ |
| 77. | ⓐ | ⓑ | ⓒ | ● | 78. | ⓐ | ● | ⓒ | ⓓ |
| 79. | ⓐ | ● | ⓒ | ⓓ | 80. | ● | ⓑ | ⓒ | ⓓ |

## खण्ड-ब : विषयनिष्ठ प्रश्न

### इतिहास

**प्रश्न संख्या 1 से 6 तक लघु उत्तरीय कोटि के प्रश्न हैं। इनमें से किन्हीं 03 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं।** **$3 \times 2 = 6$**

**प्रश्न 1. यूरोप में राष्ट्रवाद को फैलाने में नेपोलियन बोनापार्ट किस तरह सहायक हुआ ?**

**उत्तर**–यूरोप में राष्ट्रीयता की भावना के विकास में फ्रांस की राज्यक्रांति तत्पश्चात् नेपोलियन के आक्रमणों ने महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। यूरोप के कई राज्यों में नेपोलियन के अभियानों द्वारा नवयुग का संदेश पहुँचा। नेपोलियन ने जर्मनी और इटली के राज्यों को भौगोलिक नाम की परिधि से बाहर कर उसे वास्तविक एवं राजनीतिक रूपरेखा प्रदान की, जिससे इटली और जर्मनी के एकीकरण का मार्ग प्रशस्त हुआ। दूसरी तरफ नेपोलियन की नीतियों के कारण फ्रांसीसी प्रभुत्व और आधिपत्य के विरुद्ध यूरोप में देशभक्तिपूर्ण विक्षोभ भी जाएगा। इस प्रकार यूरोप में राष्ट्रवाद को फैलाने में नेपोलियन बोनापार्ट की अहम् भूमिका थी।

**प्रश्न 2. साम्यवादी एक नई आर्थिक एवं सामाजिक व्यवस्था थी, कैसे ?**

**उत्तर**–1917 ई० में पूर्व रूस में राजतंत्रीय शासन स्थापित था। रूस के सम्राट को जार कहा जाता था। जारशाही शासन निरंकुशता का प्रतीक था। किसानों मजदूरों और सामान्य लोगों का जीवन अत्यन्त ही दयनीय था। अतः 1917 में लेनिन के नेतृत्व में साम्यवादी क्रांति हुई जिसमें सत्ता की बागडोर सर्वहारी (अर्थात् कृषक, मजदूर और जनसामान्य) के हाथों में आ गई। उत्पादन पर अब पूरे समाज का अधिकार हो गया। अतः हम कह सकते हैं कि साम्यवाद एक नई आर्थिक और सामाजिक व्यवस्था थी।

**प्रश्न 3. हो-ची मिन्ह मार्ग क्या है ?**

**उत्तर**–हो-ची-मिन्ह मार्ग हनोई से चलकर लाओस, कंबोडिया के सीमा क्षेत्र से गुजरता-हुआ दक्षिणी वियतनाम तक जाता था, जिससे बच्ची-पक्की सड़कें निकलकर जुड़ी थीं। अमेरिका सैकड़ों बार उसे क्षतिग्रस्त कर चुका था किंतु वियतनामी उसे तुरत मरम्मत कर लेते थे। इस मार्ग पर नियंत्रण करने के उद्देश्य से अमेरिकी लाओस और कंबोडिया पर आक्रमण कर दिया था परंतु तीन तरफा संघर्ष में फँसकर उसे वापस होना पड़ा था।

**प्रश्न 4. साइमन कमीशन क्या था ? उसे वापस जाओ के नारे क्यों लगाए गए ?**

**उत्तर**–सर जॉन साइमन के नेतृत्व में 1927 को साइमन कमीशन बना। जिस सात सदस्यीय आयोग का गठन किया गया उसमें एक भी भारतीय नहीं था। भारत के स्वशासन के संबंध में निर्णय विदेशियों द्वारा किया जाना था। फलतः 3 फरवरी 1928 को बम्बई पहुँचने पर साइमन कमीशन का पूरे भारत में विरोधी हुआ और जनता पुनः संघर्ष के लिए तैयार हो गई।

**प्रश्न 5. कुटीर उद्योग का महत्त्व क्या हैं ? संक्षेप में लिखें।**

**उत्तर**–कम पूँजी, छोटे संसाधन एवं कम व्यक्तियों के सहयोग से शुरू किए जानेवाले उद्योग कुटीर उद्योग कहलाते हैं। पापड़ निर्माण, अगरबत्ती निर्माण, गेहूँ पीसना, चावल कूटना आदि कुटीर उद्योग हैं।

**प्रश्न 6. दांडी यात्रा का क्या उद्देश्य था ?**

**उत्तर**–गाँधी जी ने दांडी यात्रा इस उद्देश्य से की थी कि वे समुद्र के पानी से नमक बनाकर ब्रिटिश सरकारी के 'नमक कानून' का उल्लंघन करेंगे और भारतीय जनता के दिलों से ब्रिटिश कानूनों का भय निकालेंगे और जनता को आन्दोलित करेंगे।

**प्रश्न संख्या 7 से 8 तक दीर्घ उत्तरीय कोटि के प्रश्न हैं। इनमें से किन्हीं 1 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित हैं।** **$1 \times 4 = 4$**

**प्रश्न 7. शहरी जीवन में किस प्रकार के सामाजिक बदलाव आए है ?**

**उत्तर**–शहरों में नए सामाजिक समूह बने। सभी वर्गों के लोग शहरों में बढ़ने लगे। शहरी सभ्यता ने पुरुषों के साथ महिलाओं में भी व्यक्तिवाद की भावना को उत्पन्न किया एवं परिवार की उपादेयता और स्वरूप को पूरी तरह बदल दिया। जहाँ पारिवारिक संबंध अब तक बहुत मजबूत थे वहीं ये बंधन ढीले पड़ गए। एक ओर उनके अधिकारों के लिए आंदोलन चलाए गए। महिलाओं के मताधिकार आंदोलन या विवाहित महिलाओं के लिए संपत्ति में अधिकार आदि आंदोलनों के माध्यम से महिलाएँ लगभग 1870 ई० के बाद राजनीतिक गतिविधियों में हिस्सा ले पायीं। समाज में महिलाओं की स्थिति में परिवर्तन आए। उनके वैज्ञानिक उद्‌भव को सांस्कृतिक उदाहरण के रूप में देखा जा सकता है। आधुनिक काल में महिलाओं ने समानता के लिए संघर्ष किया और समाज को कई रूपों में परिवर्तित करने में सहायता दी। अधिकतर शहरी समाज में महिलाएँ घरेलू उपयोग की वस्तुओं का निर्णय लेती है। अतः विज्ञापन ने उपभोक्ता के रूप में महिलाओं की सोच के प्रति संवेदनशील बनाया।

शहरों की बढ़ती आबादी के साथ उन्नीसवीं शताब्दी में अधिकतर आंदोलन में पुरुष भी बड़ी संख्या में एकजुट हुए। व्यवसायी वर्ग-नगरों के उद्‌भव का एक प्रमुख कारण व्यावसायिक पूँजीवाद के उदय के साथ संभव हुआ शहरों के उदभव ने मध्यम वर्ग को सबल बनाया। मध्यम वर्ग ने एक सबल शक्ति के रूप में शहरी जीवन पद्धति को अपनाकर अर्थव्यवस्था में योगदान दिया। आधुनिक शहरों में पूँजीपति वर्ग के अभ्युदय के साथ-साथ श्रमिक वर्ग का उद्‌भव हुआ जिसने अपने श्रम के माध्यम से विकास में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। मजदूरों में जागरूकता आयी और संगठित होकर अपनी बेहतरी के लिए आंदोलन की शुरूआत की। अंततः सरकार को उनकी माँगों को स्वीकार करना पड़ा और समाज में श्रमिक वर्ग एक बेहतर सामाजिक स्तर प्राप्त करने में कुछ हद तक सफल रहे।

**प्रश्न 8. मुद्रण क्रांति ने आधुनिक विश्व को कैसे प्रभावित किया ?**

**उत्तर**–छापाखाना की संख्या में वृद्धि के परिणामस्वरूप पुस्तक निर्माण में अप्रत्याशित वृद्धि हुई। 15वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध तक यूरोपीय बाजारों में लगभग 2 करोड़ मुद्रित किताबें आई जिसकी संख्या 16वीं सदी तक 20 करोड़ हो गई। इस मुद्रण क्रांति ने आम लोगों की जिंदगी ही बदल दी। आम लोगों का जुड़ाव सूचना, ज्ञान, संस्था और सत्ता से नजदीकी स्तर पर हुआ। जिसके कारण लोक चेतना एवं दृष्टि में बदलाव संभव हुआ।

मुद्रण क्रांति के फलस्वरूप किताबें समाज के सभी तबकों तक पहुँच गई। किताबों की पहुँच आसान होने से पढ़ने की नई संस्कृति विकसित हुई। एक नया पाठक वर्ग पैदा हुआ। पढ़ने से उनके अंदर तार्किक क्षमता का विकास हुआ।

इससे तर्कवाद और मानवतावाद का द्वार खुला। धर्म सुधारक मार्टिन लूथर ने कैथोलिक चर्च की कुरीतियों की आलोचना करते हुए अपनी पंचानवें स्थापनाएँ लिखीं। लूथर के लेख आम लोगों में काफी लोकप्रिय हुए। फलस्वरूप चर्च में विभाजन हुआ और प्रोटेस्टेंट धर्म सुधार आंदोलन की शुरूआत हुई। लूथर ने कहा "मुद्रण ईश्वर की दी हुई महानतम देन है, सबसे बड़ा तोहफा"। इस तरह छपाई ने नए बौद्धिक माहौल का निर्माण किया एवं धर्म सुधार आंदोलन के नए विचारों का फैलाव तीव्र गति से आम लोगों तक फैला।

18वीं सदी के मध्य तक मुद्रण क्रांति के फलस्वरूप प्रगति और ज्ञानोदय का प्रकाश यूरोप में फैल चुका था। लोगों में निरंकुश सत्ता से लड़ने हेतु नैतिक साहस का संचार होने लगा था। फलस्वरूप मुद्रण संस्कृति ने फ्रांसीसी क्रांति के लिए भी अनुकूल परिस्थितियों का निर्माण किया। परम्परा पर आधारित सामाजिक व्यवस्था दुर्बल हो गयी। अब लोगों में आलोचनात्मक सवालिया और तार्किक दृष्टिकोण विकसित होने लगी। धर्म और आस्था को तर्क की कसौटी पर कसने से मानवतावादी दृष्टिकोण विकसित हुआ। इस तरह की नई सार्वजनिक दुनिया ने सामाजिक क्रांति को जन्म दिया।

## राजनीति विज्ञान

**प्रश्न संख्या 9 से 14 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किन्हीं दो कम उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं। $2 \times 2 = 4$**

**प्रश्न 9. सामाजिक भेदभाव एवं विविधता की उत्पत्ति कैसे उत्पन्न होती है ?**

**उत्तर**–कोई आवश्यक नहीं कि सभी सामाजिक विभिन्नता सामाजिक विभाजन का आधार होता है। विभिन्न समुदायों के विचार भिन्न-भिन्न हो सकते हैं किंतु उनका हित समान होगा। उदाहरणार्थ, मुम्बई में मराठियों के हिंसा का शिकार व्यक्तियों की जातियाँ भिन्न थीं, धर्म भिन्न होंगे, लिंग भिन्न हो सकता है, किंतु उनका क्षेत्र एक ही था। वे सभी एक ही क्षेत्र के उत्तर भारतीय थे। उनका हित समाज था और वे सभी अपने व्यवसाय और पेशा में संलग्न थे। इस कारण सामाजिक विभिन्नता सामाजिक विभाजन का रूप नहीं ले पाती।

**प्रश्न 10. सूचना के अधिकार आंदोलन के मुख्य कारण क्या थे ?**

**उत्तर**–सूचना के अधिकार की शुरुआत 1990 ई० में राजस्थान के एक अति पिछड़े क्षेत्र भीम तहसील में सर्वप्रथम उठायी गई। उसके अन्तर्गत ग्रामीणों ने प्रशासन से अपने वेतन एवं भुगतान के बिल उपलब्ध कराने को कहा। ग्रामीणों को लग रहा था कि उन्हें दी गई मजदूरी में भारी घपला हो रहा है।

**प्रश्न 11. लोकतंत्र में विरोधी पक्ष की भूमिका का उल्लेख करें।**

**उत्तर**–चुनाव हारने वाले दल, जो सरकार बनाने में असफल रहते हैं, विरोधी पक्ष की भूमिका निभाते हैं तथा वे सरकार के कामकाज, नीतियों एवं असफलताओं को आलोचना करने का महत्त्वपूर्ण कार्य करते हैं। वे तानाशाही सत्ता को अपनाने से सरकार को रोकते हैं। विरोधी दल सदन में कुछ विधियों का प्रयोग करते हैं, जैसे-अविश्वास प्रस्ताव और ध्यानाकर्षण। विधायिका से बाहर भी वे सरकार की संगठित आलोचना जारी रखते हैं। विरोधी पक्षों का काम विरोध करना, पोल खोलना तथा सत्ता से उतारना माना जाता है। इस प्रकार उनका उद्देश्य देश में एक बेहतर शासन सुनिश्चित करना होता है।

**प्रश्न 12. भारत में किस तरह जातिगत असमानताएँ जारी हैं ? स्पष्ट करें।**

**उत्तर**–संवैधानिक उपबंधों के बावजूद जातीय व्यवस्था अपने प्राचीन रूप में सामाजिक व्यवस्था का अंग बनी हुई है। यद्यपि इसमें कुछ बदलाव अवश्य हुए हैं। आज भी अन्तर्जातीय विवाह को सामाजिक मान्यता प्राप्त नहीं है। समाज में छुआछूत सम्बन्धी प्रचलन अभी भी मौजूद है। आज भी जाति तथा आर्थिक हैसियत में सह सम्बन्ध बना हुआ है। कुछ प्रभावी जातियों को समाज में वर्चस्व है आर्थिक असमानता का मूल कारण जातीय भावना है। आज जाति के सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक पहलू में बदलाव हो रहा है किन्तु धीमी गति से।

**प्रश्न 13. सत्ता की साझेदारी लोकतंत्र में क्या महत्व रखती है ?**

**उत्तर**–सत्ता की साझेदारी की जरूरत प्रत्येक समाज में होती है। लोकतंत्रात्मक शासन व्यवस्था में इसका व्यापक महत्त्व है। लोकतंत्र में शासन की सम्पूर्ण शक्तियों का स्रोत जनता में ही निहित होता है। जनता स्वशासन की विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से अपना शासन चलाती है। जनता प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से अपना प्रतिनिधि चुनती हैं, जो सरकार का निर्माण करते हैं। अपने मताधिकार का प्रयोग कर सरकार को अपदस्थ भी कर सकती है। यदि समाज के विभिन्न वर्गों को उचित सम्मान और प्रतिनिधित्व नहीं दिया जाय तो समाज में हिंसक संघर्ष या गृह-युद्ध की स्थिति बन जाती है। समाज का विकास अवरुद्ध हो जाता है। यदि विभिन्न समूहों को उचित पहचान व सत्ता में साझेदारी नहीं मिलती है तो उनके असंतोष एवं संघर्ष से सामाजिक विभाजन, राजनैतिक अस्थिरता, सांस्कृतिक ठहराव व आर्थिक गतिरोध उत्पन्न होते हैं। उदाहरणस्वरूप श्रीलंका में शासन द्वारा तमिलों के हितों की निरंतर उपेक्षा के कारण बहुसंख्यक सिंहलियों और तमिलों के बीच के हिंसक संघर्ष ने भीषण गृह-युद्ध का रूप ले लिया। दूसरी ओर बेल्जियम ने विभिन्न भाषाई और जातीय समूहों के बीच पनपते टकराव को सत्ता में साझीदार बनाकर दूर किया। इस प्रकार राजनैतिक समाज की एकता, अखंडता एवं वैधता के लिए सत्ता की साझेदारी अनिवार्य शर्त है। लोकतंत्र की सफलता विभिन्न समूहों को शासन में साझीदार बनाने में ही सम्भव है।

**प्रश्न 14. भारतवर्ष में लोकतंत्र के भविष्य को आप किस रूप में देखते हैं ?**

**उत्तर**–नि:संदेह भारतीय लोकतंत्र की साख दुनिया में बड़ी है। लोकतंत्र के उत्तरोत्तर विकास में जनता की भागीदारी में विस्तार हुआ। फिर भी भारत का लोकतंत्र उतना परिपक्व नहीं हुआ है जितना होना चाहिए था। शिक्षा की उत्तरोत्तर प्रगति से ही भारतवर्ष में लोकतंत्र का एक उज्जवल भविष्य संभव है।

**निर्देश :–प्रश्न संख्या 15 एवं 16 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। किसी एक का उत्तर दें ? प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित हैं। $1 \times 4 = 4$**

**प्रश्न 15. राजनीतिक दलों का राष्ट्रीय विकास में क्या योगदान है ?**

**उत्तर**– किसी भी देश का विकास वहाँ के राजनीतिक दलों की स्थिति पर निर्भर करता है। राष्ट्रीय विकास के लिए जनता को जागरूक, समाज एवं राज्य में एकता एवं राजनीतिक स्थायित्व का होना आवश्यक है। इन सभी कार्यों में राजनीतिक दल अहम भूमिका निभाते हैं।

राष्ट्रीय विकास के लिए राज्य एवं समाज में एकता स्थापित होना आवश्यक है। राजनीतिक दल विभिन्न जातियों, धर्मों, वर्गों एवं लिंग के सदस्य होते हैं। ये सभी अपनी-अपनी जाति, धर्म, वर्ण एवं लिंग का प्रतिनिधित्व करते हैं। ये प्रतिनिधि किसी तरह के विवाद उत्पन्न होने पर तत्काल समाधान कर लेते हैं, जिससे राज्य में एकता कायम रहती है। राष्ट्रीय विकास की एक प्रमुख शर्त राजनीतिक स्थायित्व भी है। राष्ट्रीय विकास के लिए यह भी आवश्यक है कि शासन के निर्णय में सबकी सहमति और सभी लोगों की भागीदारी हो। संकट के समय राजनीतिक दल रचनात्मक कार्य भी करते हैं, जैसे प्राकृतिक आपदा के दौरान राहत कार्य आदि। राष्ट्रीय विकास के लिए सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार की नीतियाँ एवं कार्यक्रम चलाये जाते हैं।

**प्रश्न 16. नगर निगम के प्रमुख कार्यों को लिखें।**

**उत्तर**–नगर निगम नागरिकों की स्थानीय आवश्यकता एवं सुख-सुविधा के लिए अनेक कार्य करता है। नगर निगम के प्रमख कार्य निम्नलिखित हैं :

(i) नगर क्षेत्र की नालियों, पेशाबखाना, शौचालय आदि का निर्माण करना एवं उसकी देखभाल करना।

(ii) कूड़ा-कर्कट तथा गंदगी की सफाई करना।

(iii) पीने के पानी का प्रबंध करना।

(iv) गलियों, पुलों एवं उद्यान की सफाई एवं निर्माण करना।

(v) मनोरंजन गृह का प्रबंध करना।

(vi) आग बुझाने का प्रबंधन।

(vii) दुग्धशाला की स्थापना एवं प्रबंधन करना।

(viii) खतरनाक व्यापारों की रोकथाम, खतरनाक जानवरों तथा पागल कुत्तों को मारने का प्रबंध करना।

(ix) विभिन्न कल्याण केन्द्रों जैसे मृत केन्द्र, शिशु केन्द्र, वृद्धाश्रम की स्थापना एवं देखभाल करना।

(x) जन्म-मृत्यु के पंजीकरण का प्रबंध करना।

(xi) नगर की जनगणना करना।

(xii) नये बाजारों का निर्माण करना।

(xiii) नगर में बस चलवाना।

(xiv) श्मशानों तथा कब्रिस्तानों की देखभाल करना।

(xv) गृह उद्योग तथा सहकारी भंडारों की स्थापना करना आदि।

## अर्थशास्त्र

**प्रश्न संख्या 17 से 20 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं इनमें से किन्हीं दो का उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं। $2 \times 2 = 4$**

**प्रश्न 17. अर्थव्यवस्था के विभिन्न प्रकारों का संक्षेप में वर्णन करें।**

**उत्तर**–अर्थव्यवस्था की संरचना से तात्पर्य विभिन्न उत्पादन क्षेत्रों में इसके विभाजित से है। अर्थव्यवस्था में विभिन्न प्रकार की आर्थिक क्रियाएँ सम्पादित की जाती हैं, जैसे कृषि, उद्योग, व्यापार, बीमा, बैंकिंग, परिवहन, संचार आदि। उन क्रियाओं को मोटे तौर पर तीन भागों में बाँटा जाता है :

(i) प्राथमिक क्षेत्र (Primary Sector)

(ii) द्वितीयक क्षेत्र (Secondary Sector)

(iii) तृतीयक क्षेत्र या सेवा-क्षेत्र (Tertiary Sector or Service Sector)।

**प्रश्न 18. मुद्रा का आर्थिक महत्त्व क्या है ?**

**उत्तर**–आधुनिक आर्थिक व्यवस्था में मुद्रा के आर्थिक महत्त्व के बारे में प्रसिद्ध अर्थशास्त्री ट्रेस्कॉट ने कहा है कि "यदि मुद्रा हमारी अर्थव्यवस्था का हृदय नहीं तो रक्त स्त्रोत तो अवश्य है।" आज का आर्थिक जगत मुद्रा के बिना एक क्षण भी जीवित नहीं रह सकता। इसलिए **प्रो० मार्शल** ने कहा है, "मुद्रा वह धुरी है जिसके चारों तरफ सम्पूर्ण आर्थिक विज्ञान चक्कर काटता है।" (Money is the pivot around which the whole economic sciences clusters) मुद्रा के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए **क्राउथर** ने कहा है कि "ज्ञान की प्रत्येक शाखा की अपनी-अपनी मूल खोज होती है जैसे यंत्रशात्र में चक्र, विज्ञान में अग्नि, राजनीतिशास्त्र में वोट कहते हैं। ठीक इसी प्रकार मनुष्य के आर्थिक एवं व्यावसायिक जीवन में सर्वाधिक उपयोगी आविष्कार है। जिस पर सम्पूर्ण व्यवस्था ही आधारित है। वास्तव में मुद्रा मानव का एक महत्त्वपूर्ण आविष्कार है।

**निष्कर्षत** : हम कह सकते हैं कि मुद्रा का आधुनिक जीवन में विशिष्ट स्थान है। प्रो० पीगू ने ठीक ही कहा है कि "आधुनिक विश्व में उद्योग मुद्रा रूपी वस्त्र धारण किए हुए हैं।

**प्रश्न 19. भारत में सहकारिता आंदोलन कैसे शुरू हुआ ?**

**उत्तर**–1904 ई० में सहकारिता साख समिति विधान पारित होने के बाद भारत में सहकारिता की शुरूआत हुई। इस क्षेत्र में सुधार हेतु 1912 ई० में एक और अधिनियम बनाया गया। इस नए अधिनियम में ऋण के अतिरिक्त अन्य उद्देश्यों के लिए सहकारी समितियाँ स्थापित करने की व्यवस्था की गई। 1935 ई० में रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया की स्थापना हुई। इसके अन्तर्गत एक कृषि साख विभाग का संगठन किया गया।

**प्रश्न 20. आय का गरीबी के साथ संबंध स्थापित करें।**

**उत्तर**–प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि होना इस बात का द्योतक है कि राष्ट्रीय आय में वृद्धि हुई है। अतः जब प्रति व्यक्ति आय में कमी होगी तो राष्ट्रीय आय में भी कमी होगी। अतः प्रति व्यक्ति आय में कमी होने से गरीबी भी बढ़ेगी। जैसे-जैसे प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि होगी उसकी गरीबी भी दूर होती जाएगी।

**निर्देश :–प्रश्न संख्या 21 एवं 22 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किसी एक का उत्तर दें ? प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित हैं। $1 \times 4 = 4$**

**प्रश्न 21. सेवा क्षेत्र के विकास में शिक्षा की क्या भूमिका है ?**

**उत्तर**–भारत एक विकासशील देश है। विकासशील देश में जनाधिक्य होता है। उत्पादन के साधन पूरी तरह क्रियाशील नहीं होते। परिणामतः ऐसे देशों में बेकारी की समस्या होती है। सेवा क्षेत्र में विकास के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी बढ़ते चले जाते हैं। सेवा क्षेत्र में विकास के लिए मानव पूँजी को शिक्षित करना आवश्यक है। मानव पूँजी जितना ही सुदृढ़ होगा उस देश का आर्थिक विकास उतना ही तीव्र गति से होगा। समृद्ध मानव पूँजी से एक सशक्त श्रम शक्ति बनता है। परिणामतः लोग रोजगार पाने में सक्षम हो जाते हैं। सेवा क्षेत्र विभाजन सामान्यतः दो भागों में किया जाता है। सरकारी सेवा क्षेत्र और गैर सरकारी सेवा क्षेत्र सरकारी क्षेत्र के अन्तर्गत सैन्य विभाग, रेल, वायुयान, शिक्षा स्वास्थ्य आदि सेवाएँ आती हैं। गैर सरकारी क्षेत्र में प्राइवेट कम्पनियाँ एवं उनकी सेवाएँ आती हैं।

**प्रश्न 22. वैश्वीकरण के मुख्य अंगों का वर्णन करें।**

**उत्तर**–वैश्वीकरण के प्रमुख अंग निम्नलिखित हैं :

(i) व्यवसाय अथवा व्यापार संबंधी अवरोधों की कमी

(ii) पूँजी का निर्बाद्ध प्रवाह

(iii) प्रौद्योगिकी का निर्बाद्ध प्रवाह

(iv) श्रम का निर्बाद्ध प्रवाह

## भूगोल

**प्रश्न संख्या 23 से 28 तक लघु उत्तरीय प्रश्न है ? इनमें से किन्हीं तीन का उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं। $3 \times 2 = 6$**

**प्रश्न 23. ह्रासोन्मुख वन-सम्पदा के कारणों का उल्लेख करें।**

**उत्तर**–वन्य-जीवों के ह्रास के चार प्रमुख कारक हैं :

(i) वन्य प्रदेश के कटने के कारण लगातार छोटे होते जाने से वन्य जीवों का आवास छोटा होना,

(ii) वन्य जीवों का लगातार शिकार

(iii) कृषि में अनेक रसायनों के प्रयोग ने भी कई वन्य प्राणियों के अस्तित्व पर खतरा उत्पन्न कर दिया है।

(iv) प्रदूषण के कारण भी वन एवं वन्यप्राणी का ह्रास हुआ है।

**प्रश्न 24. धात्विक तथा अधात्विक खनिजों में अन्तर बतावें।**

**उत्तर**–धात्विक खनिज एवं अधात्विक खनिजों के अंतर को निम्न तालिका से समझा जा सकता है :

| धात्विक खनिज | अधात्विक खनिज |
|---|---|
| 1. इन्हें गलाने पर धातु की प्राप्ति होती है। | 1. इनके प्रगलन से धातु नहीं प्राप्त किया जा सकता है। |
| 2. ये कठोर एवं चमकवाले होते हैं। | 2. इसमें चमक नहीं होती। |
| 3. इन्हें प्रायः आग्नेय चट्टानों से प्राप्त किया जाता है। | 3. ये प्रायः परतदार चट्टानों से प्राप्त किये जाते हैं। |
| 4. इसे पीट कर तन्तु निकाले जा सकते हैं। | 4. इन्हें पीटकर तन्तु नहीं निकाला जा सकता है। ये आघतवर्द्धनीय होते हैं, फलतः चूर-चून हो जाते हैं। |

**प्रश्न 25. हरित क्रांति से आप क्या समझते हैं ?**

**उत्तर**–भारत में अधिक अन्य उत्पादन के लिए उन्नत बीज, रासायनिक उर्वरक, कीटनाशकों, सिंचाई के साधनों को अपनाने पर जोर दिया गया। इस कारण फसलों की उत्पादकता काफी बढ़ी। गेहूँ जैसे खाद्यान्न उत्पादन में तो गुणात्मक रूप से वृद्धि हुई। कृषि के क्षेत्र की यह क्रांति हरित क्रांति के नाम से जानी जाती है।

**प्रश्न 26. जल संसाधन के क्या उपयोग हैं ? लिखें।**

**उत्तर**–जल की महत्ता को प्राचीन भारतीय ग्रंथ में 'जल ही जीवन है' कहकर निरूपित किया गया है। प्राणियों में 65 प्राणियों में 65 प्रतिशत तथा पौधों में 65-99 प्रतिशत जलीय अंश ही विद्यमान है। पेयजल, घरेलू कार्य, सिंचाई, उद्योग, जन स्वास्थ्य, स्वच्छता तथा मल-मूत्र विसर्जन कार्यों में जल संसाधन का उपयोग अपरिहार्य है। साथ ही विकास के अन्य रूपों जल-विद्युत निम्र्पण, परमाणु संयंत्र-शीतलन, मत्स्य पालन, जलकृषि, वानिकी आदि में भी जल संसाधन के उपयोग कहते हैं।

**प्रश्न 27. बिहार के कितने प्रकार की फसलें उपजाई जाती हैं ?**

**उत्तर**– बिहार में चार प्रकार की फसलें उगायी जाती हैं जो इस प्रकार हैं :

(a) भदई (b) अगहनी (खरीफ)

(c) रबी (d) कगरमा

**प्रश्न 28. फसल चक्रण, मृदा संरक्षण में किस प्रकार सहायक है ?**

**उत्तर**–दो धान्य फसलों के बीच एक दलहन की फसल को उगाना फसल चक्रण कहलाता है। इसके द्वारा मृदा के पोषणीय स्तर को बरकरार रखा जा सकता है, क्योंकि दलहनी पौधों की जड़ों में नाइट्रोजनी स्थिरीकारक जीवाणु पाये जाते हैं।

**निर्देश–प्रश्न संख्या 29 से 30 तक दीर्घ उत्तरीय कोटि के प्रश्न हैं। इनमें से किन्हीं 1 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित हैं।** $1 \times 4 = 4$

**प्रश्न 29. बिहार में प्रमुख ऊर्जा स्रोतों का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर**–बिहार के अन्तर्गत ऊर्जा के कई स्रोत उपलब्ध हैं, जैसे-जल विद्युत, तापीय विद्युत, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस, पवन ऊर्जा, परमाणु ऊर्जा, बायो गैस इत्यादि।

इनमें यहाँ जल विद्युत एवं तापीय विद्युत का ही उत्पादन हो रहा है। प्रश्नानुसार जल विद्युत उत्पादन की चर्चा की जा रही है।

बिहार में सोन परियोजनान्तर्गत डेहरी, वारुण, प० चम्पारण, कटैया विद्युतगृह विद्युत उत्पादन कर रहे हैं। बिहार में अभी 44.10 मेगावाट जल विद्युत उत्पादन हो रहा है। जो क्रमशः 6.6 मेगावाट, 3.3 मेगावाट, 15 मेगावाट एवं 1.2 मेगावाट विद्युत उत्पन्न करते हैं। इसके अतिरिक्त कई जल विद्युत परियोजना अभी निर्माणाधीन हैं। इनके अस्तित्व में आते ही बिहार आत्मनिर्भरता के साथ-साथ जल विद्युत उत्पादन में एक प्रमुख राज्य के रूप में पदस्थापित हो जाएगा।

**प्रश्न 30. बिहार में वन्य जीवों के संरक्षण पर विस्तार से वर्णन करें ?**

**उत्तर**–बिहार में वन्य-जीवन संरक्षण के लिए अधोलिखित कदम उठाये जाप सकते हैं :

(i) वन विभाग पर विराम लगाया जाए, जिससे कि वन्य-जीव का आश्रय स्थल मौलिक स्थिति में बना रहे।

(ii) आखेट पर पाबंदी लगायी जाए।

(iii) वन्य-प्राणियों के प्रजन दर बढ़ाने के प्रयास किये जाएँ।

(iv) रासायनिक दवाओं के प्रयोग को भी प्रतिबंधित किया जाए।

(v) इस संदर्भ में सरकार को भी ध्यान देने कीआवश्यकता है।

आज संरक्षण के क्षेत्र में कई स्वयंसेवी संस्थाएँ कार्य कर रही हैं, इनमें प्रयास, तरुमित्र, प्रत्युष, मंदार, नेचर क्लब प्रमुख हैं।

## आपदा प्रबंधन (DISSASTER MANAGEMENT)

**निर्देश–प्रश्न संख्या 31 से 34 तक लघु उत्तरीय प्रश्न है ? इनमें से किन्ही दो का उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं।** $2 \times 2 = 4$

**प्रश्न 31. भूकम्प से बचाव के किन्हीं दो उपायों को लिखें।**

**उत्तर**–पृथ्वी के आंतरिक भागों में अचानक उत्पन्न कम्पन को भूकंप कहते हैं। भूकंप की तीव्रता को रिक्टर स्केल पर मापते हैं।

भूकंप एक प्राकृतिक आपदा है, जिसके घटित होने से विकास का कार्य अवरुद्ध हो जाता है तथा अधिक मात्रा में जान-माल का नुकसान होता है। अतः इसके बचाव हेतु निम्नांकित उपाय किए जाने चाहिए :

(a) भूकंप का पूर्वानुमान से संबंधित यंत्र का विकास कर लोगों को पहले ही सूचित करना चाहिए।

(b) भूकंप क्षेत्रों में भूकंप निरोधी मकानों का निर्माण किया जाना चाहिए।

**प्रश्न 32. सामान्य संचार व्यवस्था के बाधित होने के कारणों को संक्षेप में लिखें।**

**उत्तर**–सामान्य संचार-व्यवस्था के बाधित होने का प्रमुख कारण निम्न हैं :

(a) केबुल टूट जाना

(b) बिजली आपूर्ति का बाधित होना

(c) संचार भवनों के ध्वस्त होने पर संचार यंत्रों का क्षतिग्रस्त होना

(d) ट्रांसमीशन टावर का क्षतिग्रस्त हो जाना।

**प्रश्न 33. आग लगाने की स्थिति में क्या प्रबंधन करना चाहिएं ?**

**उत्तर**–आग लगने की स्थिति में निम्नांकित प्रबंधन की आवश्यकता होती है :

(i) आग पर सर्वप्रथम नियंत्रण स्थापित करना

(ii) आग में फँसे हुए लोगों एवं मवेशियों को बाहर निकालना

(iii) आग से प्रभावित लोगों को तत्काल उपचार की व्यवस्था

(iv) आग के दौरान छत में फँसे लोगों को सीढ़ी द्वारा उतारने का कार्य किया जाना चाहिए।

**प्रश्न 34. आपदाएँ कितने प्रकार की होती हैं ?**

**उत्तर–आपदा के निम्न दो प्रकार हैं : (i) प्राकृतिक आपदा**–मानव पर दुष्प्रभाव डालने वाले प्राकृतिक परिवर्तनों को प्राकृतिक आपदाएँ कहते हैं। ज्वालामुखी विस्फोट, भूकंप, सुनामी, सूखा, बाढ़, चक्रवात, मृदा अपरदन, हिमस्खलन, भू-स्खलन आदि प्राकृतिक आपदाओं के मुख्य उदाहरण हैं। इनमें अधिकांश आपदाएँ प्राकृतिक शक्तियों द्वारा उत्पन्न होती है। प्राकृतिक आपदा की गति तीव्र होती है। इसका प्रभाव तात्कालिक होता है। इसमें ऐसी ताकतें होती हैं जो मानव के नियंत्रण में नहीं है। यह थोड़े समय में और बिना चेतावनी के घटित होती है जिसकी वजह से मानव जीवन के क्रियाकलाप अवरुद्ध होते हैं तथा बड़े पैमाने पर जान-माल का नुकसान होता है।

**(ii) मानव जनित आपदा**–मानव जनित आपदा भोपाल गैस त्रासदी, चेरनोबिल, नाभिकीय आपदा, ग्रीन हाउस प्रभाव, भूमंडलीय तापन, वायु, जल, भूमि, ध्वनि प्रदूषण आदि पर्यावरणीय प्रदूषण संबंधी आपदाएँ मानवीय क्रियाकलापों के परिणाम हैं। कुछ प्राकृतिक आपदाओं को मानवीय गतिविधियों से बढ़ावा मिलता है। उदाहरण–वनों को काटने से बाढ़, सूखा, भू-स्खलन आदि मानवकृत कुछ आपदाओं को मानव की अवांछनीय क्रियाकलापों पर रोक लगने से कम किया जा सकता है। लेकिन प्राकृतिक आपदओं पर रोक लगाना असंभव होता है।